इंटरनेट पर लॉटरी के लालच से बचें लोग

आईजी कपूर ने साइबर क्राइम के खिलाफ छात्रों-फैकल्टी को किया जागरूक

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इंटरनेट पर अकसर मैसेज आते हैं कि आपकी लाखों रुपए की लॉटरी लगी है। आपने करोड़ों का इनाम जीता है। लोग लालच में आ जाते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं। ऐसे प्रलोभन से बचें, अपनी जानकारी अनजान व्यक्ति से शेयर ना करें, नहीं तो ये गलती भारी पड़ सकती है।



कार्यशाला में साइबर क्राइम के बारे में बताते आईजी वरुण कपूर।

यह बात पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल (पीआरटीएस) के डायरेक्टर व आईजी वरुण कपूर ने कहीं। वे बुधवार को पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में विद्यार्थियों और फैकल्टी को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक करने के लिए चलाए जा रहे 'संकल्प' अभियान के तहत जानकारी दे रहे थे। एसपी सुदीप गोयनका ने आईटी एक्ट की जानकारी दी। प्रत्यूष व पूजा दशोरे को आईजी कपूर ने प्रमाण-पत्र और गोल्डन बैज से सम्मानित भी किया।